**भ्रष्टाचार** | बिना बिल हो रहा लाखों का भुगतान, मनरेगा में लग रही फर्जी हाजिरी

# ग्राम सभा में गूंजा मनरेगा में भ्रष्टाचार का मुद्दा

**नवभारत, चाबी। ग्राम पंचायत चाबी में सोमवार को आयोजित ग्राम सभा में पंचायत के कामकाज को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। ग्रामीणों ने पंचायत में कथित वित्तीय अनियमितताओं और विकास कार्यों में लापरवाही को लेकर जिम्मेदारों से जवाब मांगा। ग्रामीणों ने आरटीआई के माध्यम से दस्तावेज जुटाकर पूरे मामले की जांच कराने की मांग भी उठाई।**

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत में बिना जीएसटी बिल के लाखों रुपए के भुगतान किए जाने की शिकायतें हैं। वहीं मनरेगा में भी कथित तौर पर फर्जी हाजिरी और मजदूरी भुगतान में हेराफेरी का आरोप लगाया गया। ग्रामीणों ने मनरेगा के मस्टर रोल और भुगतान की निष्पक्ष जांच कराने की मांग रखी।



### पंच के परिवार के नाम पर लग रही फर्जी हाजिरी

ग्रामीणों ने उप सरपंच पद पर रहते हुए ठेकेदारी करने तथा अपने ही नाम से बिल लगाए जाने के आरोप भी लगाए। इसके साथ ही एक पंच के परिवार के करीब 10-12 सदस्यों की लंबे समय से मनरेगा में कथित फर्जी हाजिरी चलने का आरोप लगाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच की जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

### अब आर-पार की लड़ाई के मूड में ग्रामीण

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। चक्काजाम और धरना देने का प्रस्ताव ग्राम सभा में रखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के पैसों का पूरा हिसाब जनता के सामने आना चाहिए और कथित अनियमितताओं की जांच निष्पक्ष एजेंसी से कराई जानी चाहिए।

### जांच पर टिकी ग्रामीणों की उम्मीद

जानकारी के अनुसार अब देखना यह है कि ग्राम सभा में उठाए गए गंभीर आरोपों और जांच की मांग पर प्रशासन क्या कदम उठाता है। ग्रामीणों की नजर अब पंचायत के दस्तावेजों और प्रशासनिक जांच पर टिकी है।

> **मनमाने तरीके से बिल पास करने का आरोप**
>
> ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सरपंच पर मनमाने तरीके से बिल पास करने के आरोप लगाए। उनका कहना था कि पंचायत में राशि खर्च होने के बावजूद गांव में अपेक्षित विकास कार्य नजर नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने पंचायत के आय-व्यय, बिल-वाउचर, मनरेगा मस्टर रोल, भुगतान विवरण, जीएसटी बिल और कराए गए विकास कार्यों की जांच कराने की मांग की।



# छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

**नवभारत, भुआ बिछिया।** सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया की छात्राओं (बहनों) द्वारा बिछिया थाने में पहुँचकर रक्षाबंधन का पावन पर्व अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की बहनों ने बिछिया थाना प्रभारी निरीक्षक रंजीत कुमार सैयाम, उपनिरीक्षक विजयवार, सहायक उपनिरीक्षक बालमुकुंद चौरसिया एवं थाने के समस्त स्टाफ सदस्यों की कलाई पर रक्षासूत्र (राखी) बांधकर उनके लंबे व सुरक्षित जीवन की कामना की। पुलिसकर्मियों ने भी बहनों की रक्षा करने का संकल्प लिया और उन्हें उपहार देकर अपना स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान करने हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### थाने में उपस्थित रहा स्टाफ

विद्यालय प्रबंधन की ओर से इस गरिमामयी कार्यक्रम में प्रबंधक राम बहोरी पटेल, व्यवस्थापक रिखी राम परस्ते, सह व्यवस्थापक अरुण मिश्रा, जिला सचिव किशोरी लाल साहू, प्राचार्य प्रहलाद सिंह मरकाम तथा व्यवस्था प्रमुख आकाश चौरसिया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# अर्द्धघुमन्तु समुदाय के साथ मनाया विमुक्ति दिवस



**नवभारत, मंडला।** शासन के निर्देशानुसार विमुक्ति दिवस का आयोजन पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास बड़ी खैरी, मंडला में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के जनप्रतिनिधि, समाजसेवक, विद्यार्थी तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन से हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत, विभागीय योजनाओं की जानकारी, स्वल्पाहार वितरण एवं आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अनंतसिंह राठौर, विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु कल्याण समिति के अमरजीत सिंह चौहान, पी.एस. धनगर, नवल सिंह बंजारा, श्रीमती अंजना जैतवार, सहायक संचालक निशांत यादव, अधीक्षक मदन झारिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सिंधी समाज की महिलाओं ने श्रद्धा से मनाया तीजड़ी पर्व, किया पूजन

**पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर रखा उपवास**

**नवभारत, मंडला।** सिंधी समाज की महिलाओं द्वारा पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना को लेकर तीजड़ी पर्व श्रद्धा और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पूरे दिन उपवास रखकर तीजड़ी माता की पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-शांति और पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। तीजड़ी पर्व सिंधी समाज की महिलाओं के लिए विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व रखता है। पर्व के दौरान महिलाएं पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए तीजड़ी माता का पूजन करती हैं। इसी परंपरा के तहत सामाजिक महिलाओं ने समाज के पुरोहित श्री रानूनाथ शर्मा जी के निवास पर एकत्र होकर तीजड़ी माता की विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की।



### विधि विधान से हुआ पूजन

पूजन के दौरान महिलाओं ने तीजड़ी माता को विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, पति की दीर्घायु एवं सभी के मंगल की कामना की। महिलाओं ने पारंपरिक रूप से पर्व की पूजा विधि संपन्न की। इस दौरान धार्मिक वातावरण बना रहा और महिलाओं में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा दिखाई दी।

> **रीति-रिवाजों से जोड़ने का संदेश**
>
> पर्व के अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को तीजड़ी की शुभकामनाएं दीं तथा समाज की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के माध्यम से सिंधी समाज की महिलाओं ने अपनी वर्षों पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और रीति-रिवाजों से जोड़ने का संदेश दिया। तीजड़ी पर्व के आयोजन से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता का भाव भी देखने को मिला। महिलाओं ने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व हमारी संस्कृति और सामाजिक विरासत को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## एक नजर में

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की अंतिम सूची जारी

**नवभारत, मंडला।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना मंडला के अंतर्गत आँगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के चयन की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। सूची एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर आम नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई गई है। जारी सूचना के अनुसार मंडला परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 4 पद एवं सहायिका के 2 पद के लिए अंतिम सूची प्रकाशित की गई है। अंतिम सूची के प्रकाशन की तिथि 31 अगस्त रही। अभ्यर्थी अंतिम सूची पर दावा-आपत्ति 31 अगस्त से 7 दिवस के भीतर एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### मंडला जिले में अब तक 1018.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**नवभारत, मंडला।** भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय मंडला द्वारा 31 अगस्त तक जिले में हुई वर्षा के आंकड़े जारी किए गए हैं। जिले की सामान्य वार्षिक वर्षा 1326.2 मिलीमीटर है। इस वर्ष 1 जून से 31 अगस्त तक जिले में कुल 6078.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि सभी तहसीलों का औसत 1018.1 मिलीमीटर रहा। जारी आंकड़ों के अनुसार मंडला तहसील में 947.5 मिमी, नैनपुर में 912.4 मिमी, बिछिया में 1040.5 मिमी, निवास में 1042.0 मिमी, घुघरी में 1001.3 मिमी तथा नारायणगंज में सर्वाधिक 1134.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में इस अवधि तक हुई औसत वर्षा सामान्य वार्षिक वर्षा का 76.77 प्रतिशत है। वहीं पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 1397.2 मिमी वर्षा हुई थी, जिसकी तुलना में इस वर्ष अब तक 27.1 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज हुई है। 31 अगस्त को जिले में 20.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार आंकड़ों में मंडला में 15.0, नैनपुर में 2.0, बिछिया में 1.8 तथा निवास में 1.4 मिलीमीटर वर्षा हुई, जबकि घुघरी और नारायणगंज में वर्षा दर्ज नहीं हुई।

# प्राचार्य शकुंतला तेकाम का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित

**नवभारत, मंडला।** पुलिस लाइन स्कूल मंडला की प्राचार्य श्रीमती शकुंतला तेकाम के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सहित शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं गणमान्यजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम में रानी अवंती बाई स्कूल से प्रवीण वर्मा एसएमडीसी के सदस्य पत्रकार राजा शुक्ला, आराधना तिवारी, आकांक्षा पांडे, तरूणा शुक्ला, निष्ठा मिश्रा, मोहित तेकाम, रितु सिंगौर तथा मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाली बहनों की भी उपस्थिति रही।



### कार्यकाल को किया याद

जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ एवं मंडल संयोजक विकासखंड मंडला विवेक शुक्ला ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। उपस्थितजनों ने प्राचार्य शकुंतला तेकाम के कार्यकाल और विद्यालय के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश, चार गिरफ्तार

**नवभारत, नैनपुर।** बीती रात्रि थाना नैनपुर पुलिस को ग्राम जामगांव बस स्टैंड के पास दुर्गा मंच के पीछे कुछ व्यक्तियों द्वारा जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई।



पुलिस टीम को मौके पर कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर कुछ व्यक्ति मौके से भाग गए, जबकि मौके पर मिले आरोपी निलेश ठाकुर, शरीन बेग, सुजीत ठाकुर, सोमचंद भोरिया को पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। आरोपी के कब्जे से 4,500 नगद एवं 52 ताश के पत्ते तथा जुआ फड़ से 1,500 नगद, इस प्रकार कुल 6 हजार रूपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते बरामद कर विधिवत जब्त किए गए।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने आज मिलेगी राशि

**नवभारत, मंडला।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप खरीदने के लिए 1 सितंबर को राशि वितरित की जाएगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, मिंटो हॉल में सुबह 11 बजे से मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा। योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों में लैपटॉप क्रय करने के लिए 25 हजार रुपये प्रति विद्यार्थी की राशि वन क्लिक के माध्यम से अंतरित की जाएगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री के उद्बोधन से होगी।



# अमृत जल योजना की खुदाई के बाद बदहाल हुई सड़क

**नवभारत, भुआ बिछिया।** मवई विकासखंड अंतर्गत ग्राम भीमडोंगरी में मुकेश नायक के निज निवास पर बंजारा समाज का सुप्रसिद्ध एवं पारंपरिक 'तीज' पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। श्रावण मास में प्रारंभ हुआ यह नौ दिवसीय पर्व प्रकृति पूजा, लोक संस्कृति, परंपराओं एवं लोक कलाओं का सुंदर संगम रहा।

पर्व के अंतिम दिन बंजारा समाज की युवतियों एवं महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा एवं आकर्षक आभूषणों से सज-संवरकर पारंपरिक तीज नृत्य प्रस्तुत किया। ढोल की थाप और लोकगीतों की मधुर धुन पर महिलाओं एवं पुरुषों ने सामूहिक रूप से नृत्य किया। गोल घेरा बनाकर किए गए पारंपरिक नृत्य ने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया।

### पारंपरिक गीतों की झलक

इस अवसर पर समाजजनों ने अच्छी फसल, खुशहाली, सुख-समृद्धि एवं परिवारों की मंगलकामना की।

पारंपरिक गीतों और नृत्य के माध्यम से समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली।

> **नौ दिवसीय पर्व का समापन**
>
> बंजारा समाज में तीज पर्व की शुरुआत नौ दिन पूर्व विशेष टोकरियों में गेहूं के ज्वारे बोने के साथ हुई थी। नौ दिनों तक युवतियों द्वारा ज्वारों की सेवा एवं पूजा-अर्चना की गई तथा पारंपरिक गीतों के माध्यम से प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त किया गया। पर्व के अंतिम दिन विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के बाद ग्राम भीमडोंगरी स्थित सास-बहू तालाब में ज्वारों का विसर्जन किया गया। इसके साथ ही नौ दिवसीय तीज पर्व का विधिवत समापन हुआ।

**बैठक** | नॉन अटेंडेंड शिकायतों पर जुर्माना, फार्मर रजिस्ट्री और कान्हा से लगे गांवों में मलेरिया सर्वे के निर्देश

# शनिवार को होगा अगला जनविश्वास शिविर : कलेक्टर धोटे

**नवभारत, मंडला।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने जिला योजना भवन में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीएल के पत्रों का व्यक्तिगत रूप से फॉलोअप कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि सामान्य प्रशासन के निर्देश अनुसार शुक्रवार को अवकाश होने के कारण अगला जन विश्वास शिविर शनिवार 5 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आगामी शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों और शिकायतों के निराकरण के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि निम्न गुणवत्ता से बंद हुए प्रकरणों को नियमानुसार री-ओपन कराकर संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराएं, इससे रैंकिंग में सुधार होगा। नॉन अटेंडेड प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए और कहा कि कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेड न रहे।

### घर-घर सर्वे के निर्देश

कलेक्टर ने मलेरिया अधिकारी को निर्देशित किया कि बारिश के मौसम में मलेरिया के केस बढ़ते हैं, पड़ोसी जिला बालाघाट में आउटब्रेक की स्थिति चिंताजनक है। इसलिए कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से लगे चिन्हित ग्रामों में डोर-टू-डोर सर्वे, दवा छिड़काव और एसडीएम के नेतृत्व में स्पेशल मलेरिया कैंप आयोजित किए जाएं। उन्होंने एसी ट्राइबल और जिला शिक्षा अधिकारी को छात्रावासों में बच्चों के नियमित हेल्थ चेकअप के निर्देश भी दिए। बैठक में एनीमिया मुक्त मंडला, स्कूल व आंगनबाड़ी निरीक्षण, मध्यान्ह भोजन, अभियोजन स्वीकृति, क्रमोन्नति, मशरूम उत्पादन, गुल्ली क्रय, अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण सहित अंतर-विभागीय विषयों पर समीक्षा की गई।

> **50 दिवस के अंदर होगा प्रकरणों का निवारण**
>
> 50 दिवस से अधिक लंबित प्रकरणों का भी गंभीरता से निराकरण किया जाए। बैठक में ऊर्जा विभाग द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिस पर कलेक्टर ने कहा कि ऊर्जा विभाग ने एक संस्था के रूप में बेहतर मैकेनिज्म बनाया है, इसी कारण वह प्रदेश में रैंकिंग में लगातार नंबर-1 पर बना हुआ है।


## एंजेन्ट नियुक्ति

दैनिक अखबार नवभारत सुप्रसिद्ध समाचार एवं विज्ञापन हेतु मंडला जिले में ब्यूरो (प्रदीप तिवारी) के पश्चात निम्न तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार एवं विज्ञापन में दक्ष एंजेटों की नियुक्ति करनी है।

इच्छुक एंजेन्ट नव-भारत कार्यालय में निम्न मो. नं. पर एंजेन्ट की नियुक्ति हेतु सम्पर्क कर सकते हैं।

बीजाडांडी, निवास, मोहगांव, घुघरी, अंजनिया, बम्हनीबंजर, खटिया संम्पूर्ण कान्हा पार्क

सम्पर्क करें:- के. के. पाण्डेय (सरकुलेशन प्रभारी)

Mob - 9109700824